# REGENT ENTERPRISES LIMITED

**Regd. Office:-E-205 (LGF), Greater Kailash II, New Delhi-110048, India**
**Telephone no. 011-29213191, Email: legal@regententerprises.in**
**Fax No. 011-24338696; Website: www.regententerprises.in**
**CIN-L15500DL1994PLC153183**

Date: 09/12/2021

To,
Department of Corporate Services,
BSE Limited,
P.J. Towers, Dalal Street,
Mumbai-400001
SCRIP CODE: 512624

**SUB: Newspaper Advertisement-Notice of 27th Annual General Meeting ("AGM") and E-Voting Information.**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the copies of Newspaper Advertisement published by the company in "Millennium Post" New Delhi (English edition) at Page Number 11 and Hari Bhoomi" New Delhi (Hindi Edition) at Page Number 02 regarding notice of 27th AGM and E-Voting information of the Company Scheduled to be held on Thursday, 30th December, 2021 at 10:00 AM (IST).

A copy of the Newspaper advertisement is enclosed herewith.

You are requested to please take note of the same on your record.

Yours faithfully,

**For Regent Enterprises Limited**
For Regent Enterprises Ltd.

Director
**Mr. Vikas Kumar**
**(Whole Time Director)**
**DIN: 05308192**

OPTS FOR PROVEN LEADER IN ROHIT

# Beginning Of End: Kohli refuses to step down, BCCI cracks whip

## BCCI waited for the last 48 hours for Kohli, who has already relinquished T20 captaincy, to voluntarily step down from ODI leadership as well but he didn't

**NEW DELHI:** It was waiting to happen after India's unceremonious World Cup exit and on Wednesday the BCCI ended Virat Kohli's run as India's white-ball captain with a rather matter-of-fact statement, handing the reins to Rohit Sharma "going forward".

The BCCI, it is learnt, waited for the last 48 hours for Kohli, who has already relinquished T20 captaincy, to voluntarily step down from ODI leadership as well but he did not. By the 49th hour, losing the position to Rohit Sharma was simply 'fait accompli'.


Virat Kohli

Perhaps, in the most telling way of telling someone that his time was up, Kohli's sacking was not even addressed by the BCCI statement, which merely stated that the selection committee has decided to name Rohit captain of the ODI and T20I teams going forward.

Kohli lost his captaincy. Just like that.

The BCCI and its national selection committee sacked the decorated Kohli, who perhaps harboured the ambition of leading India at home in the 2023 ODI World Cup.

The moment India were ousted from the T20 World Cup at the group league stage, Kohli's leadership epitaph was written but the BCCI mandarins wanted to give the captain of last four and half years an honourable exit route.

In the end, it seems Kohli dared the BCCI to sack him, the parent body went ahead and did exactly that and the once all-powerful skipper had no other option but to accept it.

Kohli's cycle of leadership has been a fascinating story in itself. He started as a brash captain in-waiting under the ever so-cool Mahendra Singh Dhoni, who took him under his wings and groomed him well enough before he was convinced that it was time to give him white-ball captaincy and at least two years to prepare for a World Cup.

In the next two years, Kohli became the all-powerful captain of the team, who could get things done his way. It only helped that there was a Supreme Court run-Committee of Administrators, who relented to each and every demand of his -- some very fair and some unfair.

And then came a time when the traditional administrators were back in the business along with a very powerful secretary and a president, who knows a thing about being a successful captain himself. In the end, there was no place for two separate white-ball captains.

Australia has Aaron Finch, England has Eoin Morgan as white-ball captains. Even India had Kohli as Test and Dhoni as ODI and T20I captain for two years. But all those who follow Indian cricket closely shouldn't be surprised with this turn of events. The worst kept secret in the Indian dressing room is the fact that their skipper isn't the most popular man in the side.

Kohli is an articulate man but closer home among his folks, one has always heard rumblings about him not being a players' man.

PTI wrote on September 16 about how the dressing room had drifted away from Kohli and it did not happen in a day.

"The biggest problem with Virat has always been trust issues. He speaks about clear communication but where he had lost respect as a leader is lack of communication," a player, who had been a part of that Indian dressing room a couple of years back, said.

While former head coach Ravi Shastri, in recent interviews, has advised that Kohli would do better concentrating on his batting, but did he during the skipper's height of powers point out to that his man management skills left a lot to be desired, not to forget his questionable tactical acumen on big days?

Perhaps no because no one wants to rock the boat. Anil Kumble had tried and failed miserably. There are umpteen incidents where players have felt insecure about their places in the side after a couple of failures.

During the earlier regime, a player would be feted if he was performing and at the top of his game but as a skipper, he never bothered when they went through a slump. AGENCIES

INJURED JADEJA TO BE MISSED

# Rahane replaced by Rohit as Kohli's Test deputy for SA tour

**NEW DELHI:** The Indian team's tour of South Africa will be all about Rohit Sharma's ascendancy as the national white-ball skipper along with the additional responsibility of being the vice-captain of the Test team that will take on the Proteas in a three-match series starting December 26.

That Ajinkya Rahane will be losing vice-captaincy was clear after the tour of England and once he was dropped from the playing XI against New Zealand in his hometown Mumbai on pretext of a mysterious hamstring niggle, the writing was on the wall.

PTI, on December 3, had mentioned that Rahane's Test vice-captaincy was in jeopardy with Rohit likely to succeed him.

Rahane's position in this team had become untenable for the longest time as his only significant contribution in the last two years was a hundred in India's victory against Australia in Melbourne during the Boxing Day Test.


Rohit Sharma

The series which he won as captain should have marked his return to form but he endured a rather massive slump in form with his average in 2021 across 12 Tests being below 20.

One of the reasons that Rahane has been able to keep his place is because new coach Rahul Dravid would like to give him a long rope before moving on and South Africa series could well be his last at the international level if he doesn't perform as per expectations.

"One of the reasons for Rahane being able to keep his place is the fact that even Cheteshwar Pujara and Virat Kohli are not scoring runs for a long time. It would be grossly unfair to just target one player when two others have also been in equally horrendous form.

If there is one thing that India will miss in South Africa, that's the absence of Ravindra Jadeja the all-rounder, who lends that balance at No.7 in the away Test matches with a left-handed batting option.

Jadeja is out with a right forearm injury. AGENCIES

ICC TEST RANKINGS

# Ravichandran Ashwin rises to 2nd, Mayank Agarwal jumps 30 places to 11th

**DUBAI:** Senior India off-spinner Ravichandran Ashwin climbed a rung to second while his teammate and opener Mayank Agarwal, along with New Zealand spinner Ajaz Patel also made huge progress in the ICC Test Rankings issued on Wednesday.

Agarwal's Player of the Match effort in the second Test in Mumbai, where he scored 150 and 62, has helped him gain 30 spots and reach 11th position in the latest update to the men's rankings.

He is just one spot below a career-best 10th position that he first attained in November 2019. The Mumbai-born Patel, who became only the third player to take all 10 wickets in a Test innings, emulating Jim Laker and Anil Kumble, has moved up 23 slots to 38th after finishing with 14 wickets in the match. The left-arm spinner's previous best ranking was 53rd and he had started the series in 62nd position. Others to move up in the rankings after the Mumbai Test, which was a part of the ICC World Championships, are India opener Shubman Gill (up 21 places to 45th), fast bowler Mohammad Siraj (up four places to 41st) and New Zealand batter Daryl Mitchell (up 26 places to 78th). Ashwin has bridged the gap with top-ranked bowler Pat Cummins after finishing with four wickets in each innings in India's 372-run victory. AGENCIES

# Hyderabad pile further misery on Bengaluru FC with 1-0 win

**BAMBOLIM:** Hyderabad FC rode on Bartholomew Ogbeche's first-half strike to down Bengaluru FC 1-0 in the Indian Super League here on Wednesday.

Ogbeche found the back of the net in the 7th minute as his side dominated proceedings from the off to leave Bengaluru at ninth position with four points from five matches.

Hyderabad jumped to third place courtesy the victory with seven points from four games.

The hosts started on the front foot and went ahead as soon as the seventh minute.

Akash Mishra found Ogbeche after darting past a few white and blue shirts. The Nigerian then fired home from the edge of the box as the ball took a slight deflection to nestle in the back of the net, past a diving Gurpreet Singh Sandhu.



Mishra looked in fine form as he teed up Ogbeche once again in the 17th minute but Gurpreet was off his line early to avert the danger. At the half-hour mark, Hyderabad had another chance to double their lead when Ogbeche dinked a fine ball for Javier Siverio but the latter agonisingly shot over the bar.

Bengaluru conjured up a chance two minutes before halftime when Cleiton Silva whipped in a free-kick for Chhetri but the Indian captain glanced his header over.

Bengaluru upped the ante after the break with Cleiton at the centre of it. The 34-year old Brazilian found the target in the 56th minute but his shot lacked power and was straight at Laxmikant Kattimani in the Hyderabad goal.

At the hour mark, Silva came closer when his attempt flew inches over the bar after substitute Danish Farooq set him up. Two minutes later, Silva was in the thick of things again. This time Farooq headed the ball down for Silva to take a swipe but the former Shanghai Shenxin footballer shot straight at the keeper again. AGENCIES

# India win 41 medals at Asian Youth Para Games

**NEW DELHI:** Indian para-athletes on Wednesday returned from Bahrain after claiming a whopping 41 medals in their best-ever show at the Asian Youth Para Games.

The Indian contingent won 12 gold, 15 silver, and 14 bronze medals at the continental Para youth games held in Riffa city.

India won most medals in athletics with 22 players finishing at the podium -- eight won gold, six bagged silver, and eight secured bronze.

The Indian para shuttlers returned claimed 15 medals with Tokyo Paralympian Palak Kohli, Sanjana Kumari, and Hardik Makkar claiming three medals each.

In swimming, India won three medals, including one silver and two bronze, while the country also secured a silver in powerlifting.

Over 700 athletes from around 30 countries participated in the continental youth showpiece event that took place from December 2 to 6.

The athletes competed across nine sports - Para athletics, Para badminton, boccia, goalball, Para powerlifting, Para swimming, Para table tennis, Para taekwondo, and wheelchair basketball. AGENCIES

**New Okhla Industrial Development Authority**
**NOIDA**
**Administrative Building, Sector - 6, Noida - 201301 (U.P.)**
**Website : www.noidaauthorityonline.com**

**E-TENDER NOTICE**

E-Tender are invited from firms/contractors registered with UPCL Lucknow for the following jobs against which bids can be uploaded and same shall be opened/downloaded as per schedule mentioned. The details and conditions of all tenders are available on NOIDA Authority's official website: **www.noidaauthorityonline.com** & **http://etender.up.nic.in.** Please ensure to see these websites for any changes/amendments & corrigendum etc.

| | | |
|---|---|---|
| (C) | 1. | **11/CGM/AO/SM(JAL-OA)/21-22**-O/M STP (S/F Fencing work on Boundary wall of open UGR Compound and Other work, C/o Chamber of Flow meter in STP Sector-51) Noida. Cost. 18.66 Lac. |
| | 2. | **24/CGM/AO/SM(JAL-OA)/21-22**-M/O S.T.P. (Two year Running Operation Treated water UGR pump house and Hydrent at STP-50) Noida. Cost. 28.46 Lac. |

Which can be uploaded by date 23.12.2021 upto 5.00 PM. Pre-qualification shall be opened/downloaded on date 24.12.2021 at 11.00 AM.

**Chief General Manager**
**Noida**

**CLEAN, GREEN, SAFE & SECURE NOIDA**

**UNIDENTIFIED DEAD BODY**



General Public is hereby informed that one person **Namely: Unknown, S/o: Unknown, Address: Unknown** was found dead at Pavement, Near Metro Gate No. 4, Near Red Fort, Delhi on **05.12.2021** in the area of P.S. Kotwali, Delhi. The body has been preserved in Sabzi Mandi Hospital's Mortuary, Delhi for 72 hours. In this regard a case has been lodged vide **DD No. 44A, dated 05.12.2021** at P.S. Kotwali, Delhi. The description of the dead person is as under:- **Age:** About 30-35 years, **Sex:** Male, **Height:** 5'6", **Complexion:** Shallow, **Face:** Long, **Hair:** Black, **Eyes:** Black, **Built:** Normal, **Wearing:** Stripped shirt and brown colour lower. If any one having any information about this dead person please inform undersigned.

**SHO**
**P.S. Kotwali, Delhi**
**Ph.: 011-23977100, 8750870121**

**DP/1784/N/2021**

**NORTHERN RAILWAY**
**TENDER NOTICE**
**Invitation of Tenders through E-procurement system**

Principal Chief Materials Manager, Northern Railway, New Delhi-110001, for and on behalf of the President of India, invites e-tenders through e-procurement system for supply of the following items:-

| Tender No. | Brief Description | Qty. | Closing Date |
|---|---|---|---|
| 82210000B | Hydrophobic Foldable IOL USFDA/CE approved. Pre-loaded push type injector | 400 Nos. | 06.01.2022 |

**Note: 1.** Vendors may visit the IREPS websites i.e. **www.ireps.gov.in** for details.
**2.** No Manual offer will be entertained.
**Tender Notice No. 82210000B Date: 08.12.2021** **2877/21**

**SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE**

**REGENT ENTERPRISES LIMITED**
**Regd. Office:** E-205 (LGF), Greater Kailash-II, New Delhi-110048
Tel : 011-29213191 E-mail : legal@regententerprises.in
CIN: L15500DL1994PLC153183;Website:www.regententerprises.in

**FOR THE ATTENTION OF SHAREHOLDERS OF REGENT ENTERPRISES LIMITED**

**NOTICE OF 27TH ANNUAL GENERAL MEETING AND REMOTE E-VOTING INFORMATION**

Notice is hereby given that twenty Seventh Annual General Meeting ("AGM") of the Members of Regent Enterprises Limited ("the Company") will be held on Thursday, December 30th, 2021 at 10:00 A.M. (IST) through Video Conferencing ("VC") /Other Audio Visual Means ("OAVM") to transact the business as set out in the Notice of the AGM.

The AGM will be held only through VC/OAVM in compliance with Companies ACt, 2013("the Act") and Circular dated May 5, 2020 , April 13, 2020 and April 8, 2020 issued by Ministry of Corporate Affairs (MCA Circular) and the Circular dated May 12, 2020 issued by Securities and Exchange Board of India. Members attending the meeting through VC/OAVM shall be counted for the purpose of reckoning the quorum under Section 103 of the Act. Facility for appointment of proxy will not be available for the AGM. The instructions for joining the AGM electronically would be provided in the Notice of AGM.

In compliance with the above circulars, due to continuing Covid-19 pandemic, the Notice of AGM alongwith Annual Report 2020-21 is being sent only through electronic mode to those members whose e-mail address are registered with the Company/depositories and who are holding shares as on 12th November, 2021. Members may note that the notice of AGM and Annual Report 2020-21 will also be available on the Company's website at **www.regententerprises.in,** website of stock exchange i.e. **www.bseindia.com** and on the website of National Stock Exchange Depository Limited (NSDL) at **http://www.evoting.nsdl.com** . No physical copies will be dispatched to the Members.

In terms of MCA Circulars, the business as stated in the Notice of AGM can be transacted through voting by electronic means only. The remote e-voting shall commence on Monday 27th December, 2021 and will end Wednesday 29th December, 2021 for casting votes on all the business items as set out in the Notice of the AGM. The remote e-voting module shall be disabled by NSDL thereafter. Any person whose name is recorded in the register of members or in the register of the Beneficery owners maintained by depositories as on the cut off date i.e Thursday December23, 2021, only shall be entiltled to cast their vote. The facility for e-voting shall also be made available at the time of AGM but shall not be entitled to cast their vote again. The detailed procedure for remote e-voting and e-voting at the AGM would be provided in the Notice of AGM.

Members whose sharholding is in electronic mode are requested to directly notify their respective Depository Participat (s) about change of address and update about Bank Account details and members whose shareholding is in physical mode are requested to contact to Company's RTA on **rdua@rcmcdelhi.com** about change of address.

if the member has not registered their E-mail address with the Depository Participat(s) (DP)/ Company may in case of holding shares in demat mode please contact their respective DP and those who are holding shares in physical mode are required to contact to RTA of the Company on e-mail id i.e.**rdua@rcmcdelhi.com** and get the same registered or any person who acquires shares of the Company and become the member of the company after dispatch of AGM Notice and is holding shares as on the cut-off date i.e.Thursday December 23, 2021, may obtain the Notice of AGM along with Annual Report for the Financial Year 2020-21 and login details for joining AGM through VC/OAVM facility including e-voting details(user ID and password) by sending their request to **evoting@nsdl.co.in** or call on toll free number 1800-222-990. Members may also write to the Whole Time Director at the Company's e-mail address **legal@regententerprises.in.**

**For Regent Enterprises Limited**
**Sd/-**
**Vikas Kumar**
**Whole Time Director**
**(DIN:05308192)**

**Place: New Delhi**
**Date: 07.12.2021**



# भारत सरकार के संशोधित प्रस्ताव पर संयुक्त किसान मोर्चा में बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

एक साल से ज्यादा समय तक चला किसान आंदोलन अब समाप्ति की ओर है। इसकी औपचारिक घोषणा आज सिंघु बॉर्डर पर होने वाली संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में होने की पूरी उम्मीद है। एसकेएम की तरफ से बुधवार को बयान जारी करते हुये बताया गया कि उन्हें भारत सरकार का एक संशोधित मसौदा प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। प्रस्ताव को स्वीकार करते हुये एसकेएम के नेताओं के बीच एक आम सहमति बन गई है। अब केवल सरकार के लेटरहेड पर हस्ताक्षर किये गये औपचारिक पत्र की प्रतीक्षा है। उधर बैठक में किसानों ने दो मिनट का मौन रखकर तमिलनाडु में हेलीकॉप्टर क्रैश में शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी गई।

**खास बातें**
- मोर्चे हटाने को लेकर औपचारिक घोषणा आज
- बैठक में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी





किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल, डॉ दर्शन पाल, गुरनाम सिंह चढूनी, हन्नान मोल्ला, जगजीत सिंह डल्लेवाल, जोगिंदर सिंह उगराहां, शिवकुमार शर्मा (कक्का जी), युद्धवीर सिंह और योगेंद्र यादव की तरफ से एक संयुक्त बयान जारी करते हुये बुधवार को कहा गया कि संयुक्त किसान मोर्चा की पांच सदस्यीय कमेटी को भारत सरकार से एक संशोधित मसौदा प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए एसकेएम के भीतर एक आम सहमति बन गई है। अब सरकार के लेटरहेड पर हस्ताक्षर किए गए औपचारिक पत्र की प्रतीक्षा है। एसकेएम गुरुवार दोपहर 12 बजे सिंघु मोर्चा पर फिर से बैठक करेगा और उसके बाद मोर्चों को हटाने के लिए औपचारिक फैसला करेगा। गौरतलब है कि एसकेएम और सरकार के बीच करीब 12 दौर की वार्ता आंदोलन की शुरुआत में पहले हो चुकी है। लेकिन उनमें कोई समाधान नहीं निकल सका था। इस बीच 26 जनवरी को लाल किले की घटना के बाद से किसानों और सरकार के बीच वार्ता बंद हो गई थी। इससे किसान आंदोलन की सत्यता पर पवित्रता पर भी सवाल उठने लगे थे। लेकिन इसके बाद कई बार किसान और पुलिस का आमना सामना हुआ लेकिन हालात बिगड़ने से बच गये। किसानों ने लगातार धैयपूर्ण रवैया अपनाते हुये आंदोलन जारी रखा। हालांकि आंदोलन की वजह से बॉर्डर बंद होने के कारण लाखों लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। आंदोलन स्थलों के आसपास की फैक्ट्रियों और पेट्रोल पंप मालिकों को हजारों करोड़ का नुकसान भी उठाना पड़ा है। लेकिन अब किसानों और सरकार में सहमति बन गई है तो आंदोलन खत्म होना लगभग तय है। सरकार तीनों कानून पहले ही वापस ले चुकी है। किसानों की महत्वपूर्ण मांग एमएसपी और किसानों पर दर्ज केस वापसी की थी। इसके अलावा पराली और बिजली बिल को लेकर भी सरकार ने अपना नरम रूख अख्तियार किया जिस वजह से किसान अब सहमत हो गये हैं।

### 114 बोरी इलाइची और ट्रक भी हुआ बरामद

# 72 लाख की इलाइची लेकर फरार हुये दो आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया थाने की पुलिस ने 72 लाख रुपये की इलाइची लेकर फरार होने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें मैनपुरी, यूपी निवासी ड्राइवर नेम सिंह (40) और हेल्पर सुशील (43) है। पुलिस ने इनके पास 114 बोरी इलाइची, वारदात में इस्तेमाल ट्रक व अन्य सामान बरामद कर लिया है। पूछताछ में इन्होंने बताया कि माल लेकर उड़ाने के बाद पांच बोरी इलाइची बेच चुके है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर इलाइची खरीदार तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

पूर्वी जिले की डीसीपी प्रियंका कश्यप ने बताया कि 30 नवंबर को तिमारपुर निवासी कारोबारी दीपक गोयल ने पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया थाने में शिकायत दी थी। दीपक ने बताया था कि उसका पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र में गोदाम है। 27 नवंबर को ड्राइवर नेम सिंह अपने ट्रक में 119 बोरी इलाइची जिनकी कीमत करीब 72 लाख रुपये थी, लेकर निकला था। उसे माल लेकर 29 नवंबर को बरेली पहुंचना था। लेकिन वह नहीं पहुंचा। उससे संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उसका मोबाइल नंबर बंद आया। पुलिस ने दीपक की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और उसकी सीडीआर की जांच के बाद पता लगाया कि ट्रक मैनपुरी, यूपी में है। दो दिसंबर को एक टीम को मैनपुरी भेजी गई। वहीं से आरोपी को दबोच लिया गया। उसके पास से ट्रक और 114 बोरी इलाइची बरामद हो गई। आरोपी ने बताया कि जल्द अमीर बनने के लिये उसने माल पर हाथ साफ किया था। आरोपी ने बताया कि वह अपना खुद का ट्रक चलाता है। हेल्पर सुशील भी उसी के गांव का रहने वाला है।

**खास बात**
- जल्द अमीर बनने के लिये किया माल पर हाथ साफ



## कलेक्शन एजेंट से 17 लाख कैश लूटने वाले दो धरे

उत्तरी जिले के सराय रोहिल्ला इलाके में कलेक्शन एजेंट से हुई लूट के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस सिलसिले में दो लुटेरों को अरेस्ट किया गया है। इन्होंने पीड़ति की बाइक को टक्कर मारने के बाद उससे 17.36 लाख रुपए कैश और 6.25 लाख के चैक लूटे थे। पुलिस को इन तक पहुंचने में 300 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालनी पड़ी। आरोपियों के नाम बलजीत नगर, पटेल नगर निवासी नीरज कुमार और हिमांशु बताये गये हैं। इनसे 70 हजार रुपये नगदी और करीब 25 हजार रुपये कीमत के खरीदे गये नये कपड़े बरामद हुये हैं। डीसीपी सागर सिंह कलसी के अनुसार नरेला इंडस्ट्रियल एरिया की एक फैक्टरी में उमेश कुमार कलेक्शन एजेंट के तौर पर काम करता है। 24 नवंबर को उसने विभिन्न पार्टियों से 17.36 लाख रुपए और 6.25 लाख के चैक उठाए थे। शाम को वह चांदनी चौक से मालिक के घर रानीबाग जाने के लिए निकला था। जब वह ओल्ड रोहतक रोड सराय रोहिल्ला फ्लाईओवर के नजदीक पहुंचा तो उसकी बाइक को एक स्कूटी ने टक्कर मारी थी। इस दौरान वह नीचे गिर गया था। तभी दूसरी स्कूटी पर दो लड़के पहुंचे, जिन्होंने पीड़ति से रुपयों से भरा बैग और चैक लूट लिए थे। घटना की बाबत सराय रोहिल्ला थाने में लूट का मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके बाद लाल रंग की एक स्कूटी की पहचान की गई। पीड़ति ने भी पुलिस को वारदात में इस्तेमाल एक स्कूटी का रंग लाल ही बताया था। पुलिस ने संदिग्ध स्कूटी के चार नंबर का विश्लेषण किया, जिसके बाद तफ्तीश इसी रंग और मॉडल की 15 से ज्यादा स्कूटी पर केंद्रित हुई। पुलिस एक स्कूटी के मालिक तक पहुंच गई, जिसने बताया कि वह इस स्कूटी को 13 नवंबर को बेच चुका है। इसके बाद पुलिस ने एक अन्य स्कूटी का पता लगाया। वह जेजे कॉलोनी वजीरपुर निवासी एक महिला के नाम पर रजिस्ट्रर्ड मिली। उसने स्कूटी दीपक को 24 नवंबर को दी थी। दीपक पुलिस को फरार मिला। आखिरकार पुलिस टीम ने टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से आरोपियों के बारे में जानकारी जुटायी, जिसके बाद सबसे पहले नीरज को पकड़ा गया। उसने बताया कि इस वारदात में हिमांशू और अन्य तीन सहयोगी शामिल थे। नीरज से पूछताछ के बाद पुलिस ने हिमांशु को भी दबोच लिया। आरोपियों में हिमांशू लूट और रेप के मामलों में भी शामिल रहा है। पुलिस अब इस केस में शामिल रहे अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है, ताकि लूट के माल की पूरी बरामदगी की सकें।




- 300 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद पकड़ में आये

# क्लस्टर बस में शराब पीने का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन सेवा के तहत चल रही ऑरेंज कलर की क्लस्टर बस सेवा कई बार सुर्खियों में रहती है। इस बार क्लस्टर बस में चालक द्वारा शराब पीने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस विडियो के सामने आने के बाद डिम्टस ने उक्त बस के चालक को बुधवार को नौकरी से सस्पेंड करने की खबर आ रही है, लेकिन अभी पुष्टि नहीं हुई है। मामला गत 5 दिसंबर का है, जिसका वीडियो क्लिप वायरल हो रही है। आजादपुर में खड़ी इस बस मैं दिखाई दे रहा है कि बस की बीच वाली एक सीट पर एक व्यक्ति बैठकर कुछ पी रहा है। जबकि परिचालक चालक की सीट के ठीक पीछे वाली सीट के पास हाथ में टिकटिंग मशीन लिए खड़ा है। जबकि बस में मार्शल भी मौजूद था। चालक ने बस को खराब बताकर एक साइड में खड़ी कर दी और अंदर शराब पीने लगा।

- प्रबंधक ने किया चालक को सस्पेंड

## 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली के राजौरी गार्डन बुधवार सुबह 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। जिला पुलिस उपायुक्त उर्विजा गोयल ने दौड़ को हरी झंडी दिखाई। इसमें अतिरिक्त जिला पुलिस उपायुक्त समेत करीब 350 लोगों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों के मुताबिक आम लोगों में सौहार्द्र बढ़ाने और उनको फिट रखने के लिए इस दौड़ का आयोजन किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शारीरिक फिटनेस लोगों के लिए बेहद जरूरी है। आयोजन के दौरान जीते हुए लोगों को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने सम्मानित किया। पश्चिम जिले की पुलिस उपायुक्त उर्विजा गोयल ने बताया कि राजौरी गार्डन में आयोजित इस दौड़ का उद्देश्य आम लोगों में भाईचारा बढ़ाना था। अलग-अलग समुदाय के लोगों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह करीब 7.00 बजे पुलिस उपायुक्त ने राजौरी गार्डन में दौड़ को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान निजी संस्था की ओर से नुक्कड़-नाटक का आयोजन कर लोगों को जागरुक किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम, सुबोध कुमार गोस्वामी, एसीपी राजौरी गार्डन संजय शर्मा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुबोध कुमार गोस्वामी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। आपस में मिलकर जुलकर रहना चाहिए।

# सर्दी के साथ पुराने कपड़ों की खरीदारी हुई तेज व्यापारियों को ओमिक्रोन का डर लगा सताने

सत्यप्रकाश ▶▶ नई दिल्ली

जैसे जैसे सर्दी बढ़ रही है वैसे वैसे पहने हुए पुराने गर्म कपड़ों का बाजार भी गर्म होने लगा है। दिसंबर शुरू होते ही पुराने गर्म कपड़ों के बाजार व रेहड़ी पटरी वालों के पास खरीदारों की संख्या बढ़ने लगी है। लेकिन कड़ाके की ठंड से पहले कोरोना महामारी के नए वेरिएंट ओमिक्रोन की दस्तक ने पुराने गर्म कपड़ों के कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि अभी कड़ाके की ठंड नहीं पड़ी है लेकिन लोगों ने गर्म कपड़े खरीदने शुरू कर दिए है। इन दिनों आजाद मार्केट, लाल किला, चांदनी चौक, जनपथ बाजार, कनॉट प्लेस, मॉनिस्ट्री मजनू का टीला, मंगोलपुरी कतरन मार्केट, पहाड़गंज, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, के अलावा फुटपाथ पर नंद नगरी मेन रोड, आजादपुर मेन रोड, पीरागढ़ी, सागरपुर, धौला कुआं, एम्स के नजदीक, सीलमपुर, करावल नगर आदि जगहों पर पुराने गर्म कपड़ों की खरीदारी में तेजी आई है। इनमें स्वेटर, जैकेट, मफलर, जैकेट, ओवर कोट आदि की बिक्री शामिल है। इस कारोबार से जुड़े असलम का कहना है कि पहले दो साल से हमारा काम लगभग बंद ही पड़ा है। इस बार कोरोना केस कम होने से उम्मीद जगी थी कि कुछ कमाई होगी। लेकिन गत एक सप्ताह से कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रोन के मामले तेजी से बढ़ने लगे है जो चिंता का विषय है। थोक व्यापारी एस कुमार का कहना है कि कोरोना के चलते पहले ही लोग पुराने कपड़े खरीदने से डर रहे थे, अब एक बार फिर ओमिक्रोन की दस्तक से सब डूबता दिख रहा है। जानकारी अनुसार सस्ते व फैशनेबल होने की वजह से दिल्ली सहित भारत के कई राज्यों में लोग जमकर पुराने गर्म कपड़े खरीदते है। इनमें गरीब तबके के अलावा मध्यम वर्ग की संख्या भी अच्छी खासी होती है। पुराने कपड़ों के कारोबारी एमएस खान के अनुसार इस्तेमाल किए हुए कपड़ों के लिए भारत सबसे बड़ा आयातक देश के रूप में उभर रहा है। एक पुरानी रिपोर्ट के मुताबिक पहने हुए कपड़ो के ग्लोबल ट्रेड पर यूएन कॉमट्रेड डेटा में दिखाया गया है कि साल 2013 में भारत में लगभग 12 अरब रुपये का निर्यात हुआ था। जो करीब 275 अरब रुपये के कुल वैश्विक व्यापार का 4.3 फीसदी होता है।



### भारत पुराने कपड़े का सबसे बड़ा आयातक देश

भारत पुराने कपड़े का सबसे बड़ा आयातक देश भी बन गया है। जबकि पाकिस्तान व रूस दूसरे नंबर पर है, जहां अनुमान है कि 3.9-3.9 फीसदी आयात किया जाता है। वहीं अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मन देशों के नाम टॉप 3 निर्यातक के रूप में जाना जाता हैं। वर्ष 2012 में भारत ने पुराने कपड़े के आयात में रूस को भी पीछे छोड़ते हुए करीब 11 अरब रुपये के आयात के साथ टॉप पर रहा। भारत में पुराने कपड़ों का दो वर्ग में आयात होता है, जिसमें पहनने योग्य और बेकार कपड़े शामिल है। इसमें पहने योग्य कपड़े के लिए सरकार से लाइसेंस लेना होता है जिसमें 100 फीसदी पुनः एक्सपोर्ट की शर्त बताई जाती है। जबकि बेकार कपड़ों के लिए सरकार की अनुमति की कोई जरूरत नहीं होती। लेकिन भारत में सबसे ज्यादा इसी बेकार श्रेणी के कपड़ों का कारोबार खूब फलता है।

# दिल्ली दंगा : अदालत ने पुलिसकर्मी पर बंदूक तानने वाले व्यक्ति पर 'हत्या के प्रयास' का आरोप तय किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली में 2020 के दंगे के दौरान पुलिस अधिकारी पर कथित तौर पर बंदूक तानने वाले शाहरुख पठान का अनुरोध अस्वीकार करते हुए उसके खिलाफ दंगा करने और हत्या के प्रयास के आरोप तय किए हैं। दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल दीपक दहिया पर बंदूक तानने की पठान की तस्वीर पिछले साल सांप्रदायिक दंगे के दौरान सोशल मीडिया पर नजर आई थी। उसे तीन मार्च, 2020 को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह तिहाड़ जेल में बंद है। आरोपों को तय करने के दौरान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने कहा कि यह बेहद स्पष्ट है कि पठान ने दंगाइयों के एक समूह का नेतृत्व किया और 24 फरवरी, 2020 को दहिया के जीवन को खतरे में डाला और एक सरकारी कर्मचारी के काम में बाधा पहुंचाई और आपराधिक शक्ति का इस्तेमाल किया। न्यायाधीश ने पठान पर भारतीय दंड संहिता की धारा 147 (दंगा करने के लिए सजा), 148 (दंगे में घातक हथियार के साथ होना), 186 (सरकारी कर्मचारी को कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा पहुंचाना) और 188 (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा) के तहत आरोप तय किये। वहीं आईपीसी की धारा 353 (हमला), 307 (हत्या के प्रयास) के साथ पठित धारा 149 (सामान्य अपराध के लिए गैर कानूनी जमावड़े का हिस्सा) समेत शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप तय किए गए। इस पर पठान ने अपना अपराध स्वीकार नहीं किया और कहा कि वह मुकदमे का सामना करेगा। पठान ने इस आधार पर धारा 307 और 188 वापस लेने का आग्रह किया कि उसका पुलिसकर्मी की हत्या करने का कोई इरादा नहीं था और उसे सीआरपीसी की धारा 144 लागू होने के बारे में जानकारी नहीं थी। राहत देने से इनकार करते हुए एएसजे रावत ने कहा कि 'हत्या का इरादा' दहिया के बयान से स्पष्ट है कि पठान ने उनके सिर पर बंदूक तान दी और गोली चलाई लेकिन वह बचने में सफल रहे। न्यायाधीश ने आगे कहा कि आरोपी के वकील की यह दलील कि पठान ने पुलिसकर्मी को मारने की कोशिश नहीं कि बल्कि हवा में गोली चलाकर डराने की कोशिश की, यह दहिया के बयान और वीडियो फुटेज के मद्देनजर धारा हटाने का आधार नहीं हो सकता है। पठान के अलावा न्यायाधीश ने इस मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए। दिल्ली में फरवरी, 2020 में दंगे के दौरान कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई और 700 से ज्यादा घायल हुए थे।



**रीजेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : ई-205 (एलजीएफ), ग्रेटर कैलाश-II, नई दिल्ली-110048
Tel : 011-29213191 E-mail : legal@regententerprises.in
CIN: L15500DL1994PLC153183;Website:www.regententerprises.in

**रीजेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के शेयरधारकों के ध्यानार्थ**
**27वीं वार्षिक सामान्य बैठक और दूरस्थ ई-वोटिंग जानकारी की सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि रीजेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ("दि कम्पनी") के सदस्यों की सताईसवीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट बिजनेस का सम्पादन करने के लिये वीडियो कांफ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ("ओएवीएम") के माध्यम से बृहस्पतिवार, 30 दिसम्बर 2021 को पूर्वा. 10.00 बजे (आईएसटी) आयोजित की जाएगी।

एजीएम का आयोजन कम्पनी अधिनियम, 2013 ("दि एक्ट") और कम्पनी मामलों का मंत्रालय द्वारा जारी सरकुलर दिनांक 05 मई 2020, 13 अप्रैल 2020 और 08 अप्रैल, 2020 (एमसीए सरकुलर) तथा भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सरकुलर दिनांक 12 मई 2020 के अनुपालन में केवल वीसी/ओएवीएम के माध्यम से किया जाएगा। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से उपस्थित होने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के प्रयोजन हेतु गिना जाएगा। प्रोक्सी की नियुक्ति हेतु सुविधा एजीएम के लिये उपलब्ध नहीं होगी। इलैक्ट्रोनिकली एजीएम में शामिल होने के लिये निर्देश एजीएम को सूचना में उपलब्ध करवाये जाएंगे।

उपरोक्त सरकुलर्स के अनुपालन में, कोविड-19 महामारी के जारी रहने की वजह से, वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 सहित एजीएम की सूचना केवल इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेजी जा रही है जिनके ई-मेल पते कम्पनी / डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं और जो 12 नवम्बर 2021 के अनुसार शेयरधारण करते हैं। सदस्य ध्यान दें कि एजीएम को सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 कम्पनी की वेबसाइट **www.regententerprises.in** पर स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात **www.bseindia.com** और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट **http://www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध होगी। सदस्यों को कोई भौतिक प्रतियां नहीं प्रेषित की जाएंगी।

एमसीए सरकुलर्स के सम्बन्ध में, एजीएम को सूचना में वर्णित अनुसार बिजनेस केवल इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से सम्पादित किया जा सकता है। एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सभी बिजनेस मदों पर मतदान करने के लिये दुरस्थ ई-वोटिंग सोमवार, 27 दिसम्बर 2021 को प्रारम्भ होगी और बुधवार, 29 दिसम्बर 2021 को समाप्त होगी। इसके पश्चात एनएसडीएल द्वारा दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल अयोग्य कर दिया जाएगा। कोई व्यक्ति जिसका नाम कट ऑफ तिथि अर्थात बृहस्पतिवार, 23 दिसम्बर 2021 के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर में अथवा डिपॉजिटरीज द्वारा मैनटेन किये गये लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वही अपना मतदान करने के हकदार होंगे। ई-वोटिंग हेतु सुविधा एजीएम के समय उपलब्ध भी करवाई जाएगी परन्तु दोबारा अपना मतदान करने के हकदार नहीं होंगे। दूरस्थ ई-वोटिंग और एजीएम में ई-वोटिंग हेतु विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में उपलब्ध करवाई जाएगी।

सदस्य जिनका शेयरहोल्डिंग इलैक्ट्रोनिक मोड में है उनसे आग्रह किया जाता है कि पते के परिवर्तन के बारे में और बैंक खाता विवरण के बारे में अपडेट उनके सम्बन्धित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(एस) को सीधे ही अधिसूचित करें तथा जिन सदस्यों का शेयरहोल्डिंग फिजिकल मोड में है, से आग्रह किया जाता है कि पते के परिवर्तन के बारे में कम्पनी के आरटीए से **rdua@rcmcdelhi.com** पर सम्पर्क करें।

यदि कोई सदस्य डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (एस) (डीपी)/कम्पनी के पास अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं डिमेट मोड में शेयरधारण करने के मामले में कृपया उनके सम्बन्धित डीपी के पास सम्पर्क कर सकते हैं और वे जो फिजिकल मोड में शेयरधारण करते हैं, को कम्पनी के आरटीए से ई-मेल आईडी अर्थात **rdua@rcmcdelhi.com** पर सम्पर्क करना और इसे पंजीकृत करवाना अपेक्षित है अथवा कोई व्यक्ति जो एजीएम सूचना प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कम्पनी के शेयर अर्जन करता है तथा कट ऑफ तिथि अर्थात बृहस्पतिवार, 23 दिसम्बर 2021 के अनुसार शेयरधारण करता है, वित्तीय वर्ष 2020 21 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम की सूचना और वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में शामिल होने के लिये लॉगइन विवरण समेत ई-वोटिंग विवरण (यूजर आईडी और पासवर्ड) अपना आग्रह **evoting@nsdl.co.in** पर भेजकर अथवा टोल फ्री नम्बर 1800-222-990 पर कॉल करके प्राप्त कर सकते हैं। सदस्य कम्पनी के ई-मेल पते **legal@regententerprises.in** पर पूर्णकालिक निदेशक को लिख भी सकते हैं।

कृते रीजेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड
हस्ता/-
विकास कुमार
पूर्णकालिक निदेशक
(डीआईएन : 05308192)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 07.12.2021

# एटीएस ने एक हाईप्रोफाइल वाहन चोर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मध्य जिला की एएटीएस ने एक हाईप्रोफाइल वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। यह चोर ओला-उबर से दिल्ली आकर वाहन चोरी करता था। जब भी दिल्ली आया कभी खाली हाथ भी नहीं जाता था। वह एक गाड़ी चोरी कर मेवात ले जाता था। पकड़े गए वाहन चोर का नाम गांव बादली, पुंहाना, नूंह, मेवात निवासी फैजल (23) है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी के आठ दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि वह दिल्ली से 200 से अधिक वाहनों को चोरी कर चुका है। चोरी के वाहन मेवात में तालिब को बेचता था। डीसीपी श्वेता चौहान के अनुसार एएटीएस इंचार्ज संदीप गोदारा व अन्यों की टीम वाहन चोरों का पता लगाने में जुटी थी। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि आरोपी मेवात से आकर वाहन चोरी कर वापस मेवात फरार हो जाते हैं। पुलिस की टीम ने आरोपियों की पहचान फैजल और रहीश के रूप में की। पुलिस की टीम ने आरोपियों को मेवात में दबोचने की कोशिश की, लेकिन भीड़भाड़ और संवेदनशील इलाका होने के कारण पुलिस वहां दबिश नहीं दे पाई। इस बीच छह दिसंबर को छानबीन के दौरान टीम को पता चला कि आरोपी वारदात को अंजाम देने दिल्ली आने वाला है। टीम ने डीबीजी रोड, वर्धमान प्लाजा, पहाड़गंज में आरोपी को एक बाइक पर आते हुए देखा। उसे पकड़ने का प्रयास किया गया और फैजल को काबू कर लिया गया।

- कैब से आता था दिल्ली वाहन चोरी करने

### दो पिस्टल, चार कारतूस व चोरी की स्पोर्ट्स बाइक बरामद

# काला जठेड़ी गैंग के दो शूटर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम जिले की भारत नगर पुलिस ने काला जठेड़ी गैंग के दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम गांव जौंती, दिल्ली निवासी अंकित उर्फ दीपांशु (18) और कुतुबगढ़, दिल्ली निवासी आशु उर्फ निखिल (18) बताये गये हैं। पुलिस ने इनके पास से दो पिस्टल और चार कारतूस के अलावा एक चोरी की स्पोर्ट्स बाइक भी बरामद की है।

जांच में पता चला कि इनके खिलाफ बवाना में हत्या के प्रयास और कंझावला में हत्या का मामला दर्ज था। दोनों सितंबर माह में ही बाल सुधार गृह से बाहर आये थे। आजकल दोनों किसी अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार भारत नगर की पुलिस चौकी संगम विहार का स्टाफ पेट्रोलिंग पर था। इसी दौरान टीम गुफा वाला मंदिर, संगम पार्क, अंडरपास के पास पहुंची। शाम करीब 7.30 बजे पुलिस की टीम ने आरोपियों को बिना नंबर की एक स्पोर्ट्स बाइक पर आते हुए देखा। पुलिस को देखते ही बाइक सवार वापस जाने लगे।

लेकिन टीम ने दोनों को पीछा कर काबू कर लिया। तलाशी लेने पर इनके पास से दो पिस्टल व चार कारतूस बरामद हुए। छानबीन के दौरान बाइक आदर्श नगर से चोरी मिली। पूछताछ के दौरान इन्होंने बताया कि वे काला जठेड़ी गैंग के लिए काम करते हैं। इन्हें जैसा आदेश मिलता था उसी के अनुसार दोनों आगे वारदात को अंजाम देते थे। आरोपियों ने किशोरावस्था में ही हत्या और हत्या के प्रयास जैसी वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस इनके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

**खास बात**
- आरोपियों के खिलाफ दर्ज था हत्या और हत्या के प्रयास का केस

